सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४ -२५

कक्षा:-चार **विषय:हिंदी** **पाठ:6 परीक्षा**

कठिन शब्द

1)शक्तिशाली

2)संतान

3)मस्तिष्क

4)उत्तराधिकारी

5)सहमति

6)घोषणा

7)प्रतियोगिता

8)उपस्थित

9)आयोजन

10)मुस्कुराकर

11)ईमानदार

12)राजमहल

निम्नलिखित लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रश्न1) क्या देखकर राजा के दिमाग में योग्य शासक चुनने का विचार आया ?

उत्तर हरे भरे पौधों को देखकर राजा के मस्तिष्क में अपने राज्य के लिए एक योग्य शासक चुनने का विचार आया ।

प्रश्न2) राजा ने कैसे व्यक्ति को अपना उत्तराधिकारी बनाने के बारे में सोचा ?

उत्तर राजा ने सबसे अधिक ईमानदार व्यक्ति को अपना राज्य का उत्तराधिकारी बनाने के बारे में सोचा ।

प्रश्न3)राज्य में क्या घोषणा की गई ?

उत्तर राज्य में यह घोषणा की गई कि आगामी सोमवार को राजा अपने उत्तराधिकारी का चुनाव करने के लिए एक प्रतियोगिता का आयोजन करवा रहे हैं ,जो कोई भी इसमे भाग लेना चाहता है वह सोमवार को दरबार में उपस्थित हो जाए ।

प्रश्न4)राजा ने छोटी लड़की को अपना उत्तराधिकारी क्यों बनाया ?

उत्तर राजा ने छोटी लड़की को अपना उत्तराधिकारी इसलिए बनाया क्योंकि वही सबसे ज़्यादा ईमानदार थी ।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न1)राजा को हर समय किस बात की चिंता रहती थी ?

उत्तर राजा की कोई संतान नहीं थी , और अब वह बूढ़े भी हो चले थे । उनको हर समय इस बात की चिंता रहती थी कि उनके बाद राज्य का शासक कौन होगा, और वह ईमानदार होगा भी या नहीं ?

प्रश्न2)राजा ने उत्तराधिकारी बनाने के लिए क्या शर्त रखी ?

उत्तर राजा ने उत्तराधिकारी बनाने के लिए यह शर्त रखी कि वे सबको पौधे के बीज देंगें । सब घर जाकर इन्हें गमले में बोएँ । एक वर्ष बाद सब अपने-अपने पौधे के साथ राजमहल में आएँगे, जिसका पौधा सबसे अधिक हरा भरा होगा, वही इस राज्य का उत्तराधिकारी होगा ।

प्रश्न3) छोटी लड़की ने अपनी उदासी का क्या कारण बताया ?

उत्तर छोटी लड़की को भी राजा ने पौधे के बीज दिए थे ।उसने बीज बोए, खाद डाली ,पानी दिया परंतु उसमे पौधा नही उगा । लड़की ने राजा को अपने उदासी का यही कारण बताया ।

प्रश्न4)राजा ने छोटी लड़की को क्या सच्चाई बताई ?

उत्तर जब लड़की ने राजा को अपनी उदासी का कारण बताया तब राजा मुस्कुराए और बोले बीज तो नकली थे ,फिर इनमें पौधे कैसे उग सकते थे ।यह सब लोग तो पौधे लगाकर लाए हैं। मेरी असली उत्तराधिकारी तो तुम ही हो ।

प्रश्न5) इस पाठ से आपने क्या सीखा ?

उत्तर इस पाठ से हमने यह सीखा कि ईमानदारी मनुष्य का सबसे बड़ा गुण है ।ईमानदार व्यक्ति की सब प्रशंसा करते हैं ।

रिक्त स्थान भरिए ।

1)राजा ने वहाँ आए लोगों को बीज देने का आदेश दिया ।

2)राजा को अपने राज्य के लिए एक ईमानदार उत्तराधिकारी मिल गया था ।

3)सोमवार के दिन राज्य के अधिकतर लोग राजा के दरबार में पहुँच गए ।

4)राजा अपनी प्रजा से बहुत प्यार करता था ।

5)छोटी लड़की को छोड़कर सबके गमले में सुंदर-सुंदर पौधे लगे हुए थे ।

निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए ।

1)शक्तिशाली - ताकतवर

शक्तिशाली लोगों को अपनी शक्ति का प्रयोग सही जगह पर करना चाहिए ।

2)शासक - राजा

बुद्धिमान शासक के शासन में ही प्रजा सुखी रह सकती है ।

3)परीक्षा - इम्तिहान

रोहन की परीक्षा अगले महीने से शुरू होने वाली है ।

4)उपस्थित - हाज़िर

सभा में सभी बुद्धिमान तथा विद्वान लोग उपस्थित थे ।

5)प्रशंसा - तारीफ़

प्रधानाचार्य ने सभी प्रतियोगियों की खूब प्रशंसा की ।